गोपीकृष्ण नेमा
(पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर अध्यक्ष, भाजपा इंदौर)

नि.– 35 जंगमपुरा, साउथ राजमोहल्ला, इंदौर
मो. 9425052333

दिनांक 26 मार्च,2021

प्रति,

डॉ. हर्षवर्धन जी
स्वास्थ्य मंत्री
भारत सरकार, नईदिल्ली

सादर अभिवादन

महोदय,

कोरोना महामारी के दौर में महामारी से लड़ने एवं बचने हेतु वेक्सीनेशन प्रोग्राम देश में चल रहा है और 1 अप्रैल 2021 से 45 वर्ष से उपर के हर वर्ग को टीकाकरण की घोषणा भी सरकार द्वारा की जा चुकी है । हमारे देश के टीके की विश्व में विश्वसनीयता बनी है एवं 25 से ज्यादा देश इसमें लाभान्वित भी हुए है जो इस क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

टीकाकरण के वृहद कार्यक्रम में कुछ समस्याएं, परेशानीयां, कठिनाईयों से मैं आपको अवगत करवा रहा हूँ और आशा करता हूँ कि इनका निराकरण देश में टीकाकरण कार्यक्रम को सफलता एवं पूर्णता प्रदान करेगा।

वर्तमान में टीकाकरण सप्ताह में 6 दिन रविवार को छोडकर प्रातः 9 से 5 बजे तक किया जाता है। पोर्टल पर मोबाईल से आधार कार्ड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया कर ओ.टी.पी. आने पर टीकाकरण सेंटर पर टीका लगाया जाता है।

इस प्रक्रिया से देश में बडी जनसंख्या एवं बड़ी संख्या में अशिक्षा के कारण नागरिकों द्वारा इसको समझना एवं पालन करना संभव नहीं हो पा रहा है। इसको सरल करना जरूरी है। टीकाकरण के समय को 24 बाय 7 के अनुसार करवाना चाहिए।

आम व्यक्ति टीकाकरण केन्द्र पर अपने आधार कार्ड के साथ जावे आधार कार्ड दिखावे केन्द्र का पेरामेडिकल स्टाफ उसकी इंट्री कर टीका लगावे सभी प्रक्रिया को पूर्ण करने का कार्य केन्द्र पर हो केन्द्र के स्टाफ का हो। इस हेतु टीका लगवाने आये व्यक्ति को सिर्फ टीका लगाकर 30 मिनिट बैठाकर जाने दिया जावे।

टीकाकरण केन्द्र पर 1 या 2 व्यक्तियों के आने पर उन्हें अन्य और व्यक्तियों के आने के इंतजार में रूकना पडता है क्योंकि 10 व्यक्तियों को टीका एक साथ लगाना होता है जिस शीशी में टीके की दवाई है उसमें 10 डोज है । एक या दो वयक्तियों में उसे खोलकर लगाने से शेष दवाई अनुपयोगी हो जाती है। इसलिए दवाई की पेकिंग पर भी ध्यान दे की कम व्यक्तियों के अनुपात में टीके लगाये जा सके।

महोदय ये सभी दृष्य मैंने देखे है और उनके निराकरण हेतु आपसे अनुरोध है। बीमारी की रोकथाम सतर्कता के साथ टीकाकरण में छीपी है । जिसे जन जन तक जाना जिसका व्यापक होना जरूरी है हम इसे क्राईसेस मेनेजमेंट में प्राथमिकता से सम्मिलित करें नहीं तो ये बंद, वो बंद लाकडाउन करते हुए हम क्राईसेस के बजाय हयुमन मेनेजमेंट में ही लगे रहेंगे जो आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं मानवीय पक्ष के विरूद्ध ही होगा और महामारी अपना कार्य करती रहेगी।

इसलिए वेक्सीन है तो जीवन के सभी सीन है । अग्रीम धन्यवाद सहित सकारात्मक परिणाम की आशा में।

गोपीकृष्ण नेमा
पूर्व जिला अध्यक्ष, एवं पूर्व विधायक,इन्दौर